# प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत दिनांक 06.05.2022 की बैठक का कार्यवृत्त

उपस्थितिः–

1. जनपद बलिया एवं बदायूं के परियोजना निदेशक
2. जनपद बलिया, बदायूं एवं बिजनौर के परियोजना अधिकारी एवं सी0एल0टी0सी0 इंजीनियर
3. मै0 सरयू बाबू इंजीनियर्स फॉर रिसोर्स डवलपमेन्ट, मै0 सरयू बाबू इंजीनियर प्रा0लि0, मै0 क्रिएटिव कन्सोंटियम के प्रतिनिधिगण।

| S. No. | District | Pending 1st Level Geotag | Pending Curtailment | Pending 1st Installment against 1st Geotag | Pending 2nd Level Geotag against 1st Install. as on 31st Mar | Pending 2nd Installment against 2nd Geotag | Instruction for 1 Week | बैठक में दिये गये विशेष निर्देश |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Ballia | Patra - 19853 Pending-1012 | 34 | 2126 Wrong Geotag to be Deleted- 508 Pending - 1618 | 1272 | 2899 | 1012 1st Level Geotag Pending<br>34 Curtailment DPR Pending<br>1618 1st Install. to be Paid<br>1272 2nd Geotag to be Done<br>2899 2nd Install. to be Paid | लम्बित 34 करटेलमेन्ट डीपीआर के सम्बन्ध में परियोजना निदेशक द्वारा अवगत कराया गया कि 09 वैलिडेशन में हैं क्योंकि पूर्व की रिपोर्ट सही नहीं थी, उनमें जिन लाभार्थियों को 'मौके पर नहीं पाया गया' दर्शाया गया था, उनमें से कई लाभार्थियों द्वारा सम्पर्क किया गया है, इस कारण पुनः जांच करायी जा रही है। इसमें कई लाभार्थी पात्र मिल रहे हैं। अवशेष 25 करटेलमेन्ट डीपीआर 2–3 दिन में प्रेषित कर दी जायेगी। निर्देशित किया गया कि एक सप्ताह में जांच पूर्ण कराते हुए करटेलमेन्ट डीपीआर प्रेषित कर दी जाये। लम्बित 1012 प्रथम लेवल जिओ टैग के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि संस्था के मात्र 14 कर्मी कार्यरत है तथा 10 नगर निकाय है। संस्था द्वारा अवगत कराया गया कि 06 कर्मी 1–2 दिन में भेज रहे हैं। निर्देश दिये गये कि पहले यह देख लिया जाये कि कितना कार्य लम्बित है तथा एक कर्मी द्वारा एक दिन में कितना जिओ टैग किया जा रहा है, उसी आधार पर कर्मियों की संख्या बढ़ायी जाये। लम्बित 1618 प्रथम किश्त के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि 844 का भुगतान प्रक्रिया में है। निर्देश दिये गये कि एक सप्ताह में अवशेष सभी पात्र लाभार्थियों को प्रथम किश्त का भुगतान करा दिया जाये तथा अपात्रों को करटेल कर दिया जाये। लम्बित 2899 द्वितीय किश्त के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि 1777 का पीपीए बैंक को प्रेषित किया जा रहा है तथा शेष की जांच की जा रही है। सुझाव दिया गया कि द्वितीय किश्त में शत–प्रतिशत जांच की आवश्यकता नहीं है, रैण्डम जांच करा सकते हैं, जिससे कार्य बाधित न हो। जिओ टैग के फोटो से भी चेक कर सकते हैं, जो फोटो सही न लगे, उसकी जांच करा लें अथवा 10 से 20 प्रतिशत को चिन्हित कर जांच करा लें। प्रथम एवं तृतीय किश्त से पूर्व ही शत–प्रतिशत जांच कराना उचित होगा। लम्बित 1272 प्लिन्थ लेवल जिओ टैग के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये कि इसमें यह देख लें कि कितने लाभार्थियों द्वारा प्लिन्थ पूर्ण कर लिया गया है। यदि किसी लाभार्थी द्वारा कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है, तो उसे मकान बनाने हेतु प्रोत्साहित करें। |

| S. No. | District | Pending 1st Level Geotag | Pending Curtailment | Pending 1st Installment against 1st Geotag | Pending 2nd Level Geotag against 1st Install. as on 31st Mar | Pending 2nd Installment against 2nd Geotag | Instruction for 1 Week | बैठक में दिये गये विशेष निर्देश |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | Bijnor | Patra - 24752<br>Pending-400 | 28 | 3409<br>Wrong Geotag to be Deleted- 282<br>Pending - 3127 | 963 | 623 | 400 1st Level Geotag and 28 Curtailment DPR Pending<br>963 2nd Geotag to be Done<br>3127 1st Install. and 623 2nd Install. to be Paid<br>01 HFA Cities (Q2)<br>Jalalabad - 8 Foundation, 29 Roof, 8 Complete | लम्बित 28 करटेलमेन्ट डीपीआर के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि 06 भेज दी गयी हैं, 06 डूडा स्तर पर प्राप्त हो गयी है तथा 16 संस्था के पास हैं। निर्देश दिये गये कि संस्था द्वारा 02 दिन में डीपीआर तैयार कर डूडा को उपलब्ध करा दी जाये तथा डूडा द्वारा एक सप्ताह में हस्ताक्षर कराकर डीपीआर सूडा को प्रेषित की जाये। 400 प्रथम लेवल जिओ टैग के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि 82 अटैचमेन्ट लम्बित है। निर्देशित किया गया कि अवशेष का जिओ टैग एक सप्ताह में पूर्ण करा दिया जाये। 3127 प्रथम किश्त के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि 1419 का पीपीए बैंक को प्रेषित किया जा रहा है तथा शेष 1700 की पत्रावली संस्था द्वारा उपलब्ध नहीं करायी गयी है, जबकि उक्त सभी लाभार्थी लगभग 01 वर्ष से पूर्व के स्वीकृत है, जिस पर नाराजगी व्यक्त की गयी। निर्देशित किया गया कि संस्था द्वारा 03 दिन में डूडा को लाभार्थियों की पत्रावली प्रत्येक दशा में उपलब्ध करा दी जाये। 623 द्वितीय किश्त के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि 135 का अनुमोदन था, जिसमें से 118 भेज दिया गया तथा 17 दो दिन में भेज दिया जायेगा। निर्देश दिये गये अवशेष द्वितीय किश्त का भुगतान एक सप्ताह में कर दिया जाये। साथ ही लिमिट बढ़ाये जाने का अनुरोध किया गया, जिस पर अवगत कराया गया कि लिमिट बढ़ा दी गयी है तथा वर्तमान में रू0 27.40 करोड़ की धनराशि उपलब्ध है। यह भी निर्देश दिये गये 963 प्लिन्थ लेवल जिओ टैग भी एक सप्ताह में करा दिया जाये। अवगत कराया गया कि 03 माह से संस्था का कोई जिला समन्वयक नहीं है तथा माह सितम्बर, 2021 से कोई एम0आई0एस0 नहीं है। एम0आई0एस0 के स्थान पर जो कर्मी कार्य कर रहा है, उसे ज्यादा जानकारी नहीं है। इस पर संस्था द्वारा अवगत कराया गया कि ए0डी0सी0 कार्य कर रहा है तथा एम0आई0एस0 भी कार्यरत है। संस्था को निर्देश दिये गये कि 02 दिन में जिला समन्वय एवं एम0आई0एस0 की नियुक्ति की जाये। जलालाबाद को एचएफए एचीव किये जाने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि 08 में से 01 का प्लिन्थ लेवल हो गया है तथा शेष का हो रहा है। इस पर निर्देश दिये गये कि एक सप्ताह में 07 लाभार्थियों का प्लिन्थ लेवल पूर्ण कराकर द्वितीय किश्त अवमुक्त करा दी जाये तथा 25 आवासों की रूफ कास्ट कराते हुए आवासों को पूर्ण कराया जाये। |

(2)

| S. No. | District | Pending 1st Level Geotag | Pending Curtailment | Pending 1st Installment against 1st Geotag | Pending 2nd Level Geotag against 1st Install. as on 31st Mar | Pending 2nd Installment against 2nd Geotag | Instruction for 1 Week | बैठक में दिये गये विशेष निर्देश |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | Budaun | Patra - 17603<br>Pending-170 | 21 | 1324<br>Wrong Geotag to be Deleted- 350<br>Pending - 974 | 423 | 487 | 170 1st Level Geotag and 21 Curtailment DPR Pending<br>423 2nd Geotag to be Done<br>974 1st Install. and 487 2nd Install. to be Paid<br>01 HFA Cities (Q1) Gulariya (Q1) - 25 Roof, 46 Complete | लम्बित 170 प्रथम लेवल जिओ टैग के सम्बन्ध में परियोजना निदेशक द्वारा अवगत कराया गया कि सभी कर्मियों को पीएम स्वनिधि में लगाये जाने के कारण लम्बित रहा। 3–4 दिन में करा दिया जायेगा। 21 करटेलमेन्ट के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि जिलाधिकारी द्वारा पुनः जांच के लिए एस0डी0एम0 के पास भेज दिया गया है। निर्देश दिये गये कि जिलाधिकारी से बात करके उक्त करटेलमेन्ट डीपीआर की जांच एक सप्ताह में प्रेषित कर दें, जिससे सी0एस0एम0सी0 बैठक में स्वीकृत कराया जा सका। पात्र लाभार्थियों को लम्बित प्रथम किश्त एवं द्वितीय किश्त का भुगतान एक सप्ताह में कराने के निर्देश दिये गये। 423 प्लिन्थ लेवल जिओ टैग के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया कि एक सप्ताह में जिओ टैग कराते हुए द्वितीय किश्त का भुगतान करा दिया जाये। यह भी अवगत कराया गया कि जनपद रामपुर का आबद्ध सी0एल0टी0सी0 15 दिन में एक ही बार आता है, जिस कारण कार्य प्रभावित हो रहा है। सम्बन्धित एसएलटीसी को निर्देश दिये गये कि रामपुर सीएलटीसी को पत्र प्रेषित किया जाये कि सप्ताह में 02 दिन बदायूं जाये तथा माह के अन्त में 02 दिन की उपस्थिति भी परियोजना निदेशक द्वारा प्रमाणित की जायेगी। |

सामान्य निर्देशः–

1. किसी भी जनपद का पी0पी0ए0 जनरेट करने के पश्चात् एक्सपायर नहीं होना चाहिए।
2. अपात्र या गलत जिओ टैग डिलीट कराने हेतु सम्पूर्ण विवरण सहित परियोजना अधिकारी द्वारा पत्र तत्काल प्रेषित किया जाये।
3. पात्र लाभार्थियों को लम्बित प्रथम एवं द्वितीय किश्त का प्रत्येक दशा में एक सप्ताह में भुगतान किया जाये।
4. 31 मार्च, 2022 तक सभी सफल प्रथम किश्त के सापेक्ष नियमानुसार शत–प्रतिशत प्लिन्थ लेवल जिओ टैग करना।
5. सभी पात्र लाभार्थियों का प्रथम चरण का जिओ टैग कराते हुए भुगतान करें अथवा अपात्रों की करटेलमेन्ट डीपीआर सूडा को प्रेषित करें।
6. लाभार्थियों के सफल भुगतान होने के पश्चात् गूगल शीट पर अवश्य एन्ट्री की जाये, जिससे बैंक की शीट से मिलान किया जा सके।
7. एचएफए एचीव की जाने वाली किसी भी निकाय में एक सप्ताह पश्चात् कोई भी प्लिन्थ लेवल पर लम्बित नहीं होना चाहिए।
8. जिओ टैग डिलीट किये जाने हेतु अविलम्ब पत्र प्रेषित किया जाये।

(यशु रूस्तगी)
मिशन निदेशक

पत्रांकः– 597 /03/29/एचएफए–डीपीआर/पीएमसी–वॉल्यूम–9/2022–23टीसी    दिनांकः– 12 मई, 2022

प्रतिलिपि निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. परियोजना निदेशक, बलिया, बदायूं एवं बिजनौर।
2. कार्यक्रम अधिकारी, सूडा, लखनऊ को उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु।
3. परियोजना अधिकारी, बलिया, बदायूं एवं बिजनौर।
4. सम्बन्धित एस0एल0टी0सी0 को अनुपालनार्थ।
5. सीएलटीसी इंजीनियर, बलिया, बदायूं एवं बिजनौर।
6. प्रबन्ध निदेशक, मै0 सरयू बाबू इंजीनियर्स फॉर रिसोर्स डवलपमेन्ट, मै0 सरयू बाबू इंजीनियर प्रा0लि0 एवं मै0 क्रिएटिव कर्न्सोटियम
7. गार्ड फाइल।

12.5.22
(यशु रूस्तगी)
मिशन निदेशक